**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे**

**धन्यवाद प्रस्ताव**

लोकसभा ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के बाद कल ध्वनिमत से प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया। धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने संविधान में निहित मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए अपनी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। राष्ट्रपति के अभिभाषण का उल्लेख करते हुए, संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर विस्तार से चर्चा की गई।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला में स्वच्छ शहर–समृद्ध शहर 2025 कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। बाद में वे सोलन जिला के नालागढ़ के दभोटा में एक मेगावाट के ग्रीन हाईड्रोजन प्लांट की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल विधायक प्राथमिकता बैठकों के दूसरे दिन के अंतिम सत्र में हमीरपुर, ऊना व सिरमौर जिला के विधायकों के साथ उनकी प्राथमिकताओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है और प्रदेश के चार मंदिरों ज्वालामुखी, नैना देवी, चिंतपूर्णी और बाबा बालकनाथ मंदिर का प्रथम चरण में सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

**मौसम**

प्रदेश के किन्नौर, लाहौल स्पीति, कुल्लू, चंबा सहित ऊंची चोटियों पर रूक–रूक कर हो रहे हिमपात व अन्य क्षेत्रों में हो रही हल्की वर्षा से राज्य में शीतलहर बढ़ गई है। कुल्लू जिला के मनाली, सोलंगनाला व अटल टनल रोहतांग में भी हिमपात का समाचार है। किन्नौर जिले में हो रहा ताजा हिमपात किसान–बागवानों के लिए लाभदायक माना जा रहा है।

इधर शिमला जिला के नारकंडा में भी बर्फबारी के बाद सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ हिमाचल सहित पूरे उत्तर भारत में सक्रिय हुआ है और इसके प्रभाव से आज दोपहर तक वर्षा व बर्फबारी की संभावना है।

**दिल्ली–मतदान**

दिल्ली में आज विधानसभा की 70 सीटों के लिए मतदान जारी है। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक चलेगा। मतदान के लिए सभी निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गए हैं। लगभग एक करोड़ 56 लाख से अधिक मतदाता छह सौ 99 उम्मीदवारों के चयन के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। मतगणना शनिवार 8 तारीख को होगी।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण की सुर्खी है **रेलवे परियोजनाओं के लिए अब और पैसा नहीं देंगे।** अमर उजाला लिखता है **नीतिगत बदलाव लाकर पर्यावरण अनुकूल उद्योगों को देंगे बढ़ावा।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं **अगले साल 31 मार्च तक हरित ऊर्जा राज्य बन जाएगा हिमाचल।**

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है **लाहौल, किन्नौर, चंबा में बर्फबारी, निचले क्षेत्रों में बारिश से 3 से 11 डिग्री तक गिरा पारा** जबकि पंजाब केसरी ने लिखा है **चंद्रा घाटी में बर्फीला तूफान, कांगड़ा में पेड़ उखड़े, मैदानों में वर्षा।**
हिमाचल दस्तक की एक खबर है **मार्केट में उतारा जाएगा लाहौल स्पीति का ग्लेशियर वाटर।**